# संभ्रांत कॉलोनी में गंदगी का अंबार

**खास बातें**

- टैक्स देने के बाद भी नारकीय जीवन जीने को मजबूर रहवासी
- दूषित पानी से बड़े हादसे का खतरा

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा 22 मई, शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के बड़े-बड़े दावों के बीच गंजबासौदा की एक संभ्रांत कॉलोनी से बदहाली की चिंताजनक तस्वीरें सामने आई हैं.**





### टैक्स के बावजूद नहीं मिल रहीं मूलभूत सुविधाएं

रहवासियों का आरोप है कि वे नगर पालिका को नियमित रूप से भारी-भरकम टैक्स अदा करते हैं, इसके बावजूद उन्हें साफ-सफाई, जल निकासी और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाएं तक नहीं मिल पा रही हैं. लोगों में प्रशासन और नगर पालिका के प्रति भारी नाराजगी देखी जा रही है.स्थानीय नागरिकों ने जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन से जल्द से जल्द क्षेत्र का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने, जल निकासी की उचित व्यवस्था करने और स्वास्थ्य संबंधी खतरे को रोकने की मांग की है.

**कॉलोनी की मुख्य सड़क पूरी तरह कीचड़, गंदे पानी और मलबे में तब्दील हो चुकी है, जिससे लोगों का आवागमन बेहद मुश्किल हो गया है.**

जगह-जगह जलभराव होने से संक्रामक बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है. स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो इंदौर के भगीरथपुरा क्षेत्र जैसी दूषित पानी से बड़ी जनहानि की घटना यहां भी हो सकती है.

### गलियों में फैली गंदगी और मलबा

कॉलोनी की संकरी गलियों में प्लास्टिक कचरा, निर्माण सामग्री का मलबा और नालियों का गंदा पानी खुले में जमा है. नियमित सफाई नहीं होने के कारण कई स्थानों पर जंगली झाड़ियां उग आई हैं, जिससे क्षेत्र की स्थिति और अधिक खराब हो रही है.

# नटेरन के बैंकों में कैश संकट से उपभोक्ता परेशान

- अपनी ही जमा राशि निकालने के लिए दो-दो दिन भटक रहे लोग
- किसान और ग्रामीणों की बढ़ीं मुश्किलें

**नवभारत न्यूज**
**नटेरन,नटेरन मुख्यालय के शासकीय और सहकारी बैंकों में इन दिनों नगदी (कैश) की भारी किल्लत बनी हुई है. हालात इतने खराब हो चुके हैं कि उपभोक्ताओं को अपने ही खातों से पैसे निकालने के लिए कई-कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है. सबसे अधिक परेशानी एसबीआई और जिला सहकारी बैंक के ग्राहकों को हो रही है.**

नटेरन स्थित एसबीआई शाखा में आए दिन कैश खत्म होने की स्थिति बन रही है. बैंक अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओं को उसी दिन भुगतान करने के बजाय दूसरे या तीसरे दिन आने की सलाह देकर वापस लौटाया जा रहा है.बैंक की कतार में लगे उपभोक्ता जयराम कुशवाह ने बताया कि वे सोमवार से लगातार पैसे निकालने के लिए बैंक के चक्कर लगा रहे थे, लेकिन गुरुवार को जाकर उन्हें राशि मिल सकी. वहीं किसान भूरे सिंह सिलवाए ने बताया कि वे दो दिनों से लाइन में लगे हैं, लेकिन नंबर आने से पहले ही बैंक में कैश खत्म हो जाता है.

### सहकारी बैंक में भी भुगतान की अघोषित सीमा

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की स्थिति भी कम खराब नहीं है. यहां कैश संकट इतना गहरा गया है कि बैंक प्रबंधन द्वारा नगद भुगतान की अघोषित सीमा तय कर दी गई है. उपभोक्ताओं को कभी 50 हजार तो कभी एक लाख रुपये से अधिक की राशि नहीं दी जा रही है.इससे शादी-विवाह और कृषि कार्यों के लिए बड़ी रकम की आवश्यकता रखने वाले किसानों एवं नागरिकों के सामने गंभीर समस्या खड़ी हो गई है.

### ग्रामीणों का समय और पैसा दोनों हो रहे बर्बाद

क्षेत्र में इस समय कृषि कार्य तेज़ी पर हैं. ऐसे में बैंकिंग व्यवस्था में कैश की कमी के कारण किसान और आम नागरिक मानसिक एवं आर्थिक रूप से परेशान हैं. ग्रामीणों का कहना है कि वे दूर-दराज गांवों से किराया खर्च कर बैंक पहुंचते हैं, लेकिन घंटों लाइन में लगने के बाद भी खाली हाथ लौटना पड़ता है.

# बदहाल रेलवे स्टेशन की अधूरी चारदीवारी कब बनेगी

- गंदगी, बदबू और जहरीले जीवों के बीच रहने को मजबूर रहवासी
- शिकायतों के बाद भी नहीं जागा रेलवे प्रशासन



**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा 21 मई, गंजबासौदा रेलवे स्टेशन की आधी-अधूरी और जर्जर चारदीवारी क्षेत्र के रहवासियों के लिए बड़ी मुसीबत बनती जा रही है . टूटी-फूटी दीवार के कारण रेलवे परिसर की गंदगी उड़कर आसपास के मकानों और दुकानों तक पहुंच रही है . वहीं मिल रोड से रेलवे स्टेशन की ओर आने-जाने वाले यात्रियों और स्थानीय लोगों को बदबू और गंदगी के बीच से गुजरना पड़ रहा है .**

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि रेलवे परिसर में लगातार रेलवे का कचरा और आसपास का गंदा कचरा फेंका जा रहा है, जिससे हालात और खराब हो रहे हैं . पहले रेलवे चारदीवारी से लगे आवासों में रेलवे अधिकारी और कर्मचारी निवास करते थे, लेकिन आवास क्षतिग्रस्त होने के बाद उन्हें गिरा दिया गया . इसके बावजूद वहां पड़ा मलबा और निर्माण सामग्री वर्षों से नहीं हटाई गई है.रहवासियों के अनुसार निर्माण सामग्री और पेड़ों के बीच जहरीले जीव-जंतुओं ने स्थायी बसेरा बना लिया है . यहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आना-जाना लगा रहता है, जिससे कभी भी कोई हादसा हो सकता है . इसके साथ ही अब कुछ लोग इस स्थान का उपयोग गंदगी फैलाने के लिए भी करने लगे हैं, जिससे स्थिति और चिंताजनक बन गई है .

स्थानीय लोगों का आरोप है कि भोपाल और जबलपुर से रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी जांच और निरीक्षण के लिए आते हैं, लेकिन स्थानीय रेलवे अधिकारी उन्हें मौके की वास्तविक स्थिति से अवगत नहीं कराते . इसी कारण वर्षों से समस्या जस की तस बनी हुई है.नागरिकों का कहना है कि वे कई बार वेस्ट सेन्ट्रल रेल्वे के डिवीजन रेल्वे मैनेजर भोपाल को लिखित शिकायत भेज चुके हैं . गंजबासौदा आगमन के दौरान मंडल रेल प्रबंधक को ज्ञापन भी सौंपा गया था और स्टेशन की बदहाल स्थिति सुधारने की मांग की गई थी . लोगों ने उम्मीद जताई थी कि अधिकारियों के निर्देश के बाद हालात सुधरेंगे, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है.रहवासियों ने सवाल उठाया है कि एक ओर पूरे देश में स्वच्छता अभियान का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर गंजबासौदा रेलवे स्टेशन की यह बदहाल स्थिति रेलवे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है . नागरिकों ने अधूरी चारदीवारी का निर्माण शीघ्र पूरा कराने, मलबा हटाने और साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है .

# पेंशनर्स ने लिया गैस और तेल बचाने का संकल्प



**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा, ऑल प्रगतिशील पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन मध्यप्रदेश से जुड़े पेंशनर एंजॉय ग्रुप के तत्वावधान में लखी मंदिर रोड स्थित हनुमान मंदिर के सामने पेंशनर्स की बैठक आयोजित की गई. कार्यक्रम में गैस बचाओ, तेल बचाओ और देश बचाओ अभियान के तहत ऊर्जा संरक्षण और देशहित में जागरूकता का संदेश दिया गया.**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरि सिंह रघुवंशी उपस्थित रहे. वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में रिंकू शर्मा मंडल अध्यक्ष एवं मूलचंद अहिरवार पार्षद मौजूद रहे.बैठक में उपस्थित लगभग 100 पेंशनर्स ने संकल्प लिया कि वे महीने में एक बार लकड़ी और कंडों से बने भोजन का सेवन करेंगे. साथ ही मोटरसाइकिल और कार जैसे वाहनों का उपयोग भी कम से कम करेंगे, ताकि डीजल और पेट्रोल की बचत हो सके.पेंशनर्स का कहना था कि ईंधन की बचत से देश की विदेशी मुद्रा की भी रक्षा होगी और देश आर्थिक रूप से और अधिक मजबूत बनेगा.संगठन द्वारा लिए गए इस संकल्प की अतिथियों ने सराहना करी.

### रविवार को गंजबासौदा पहुंचेंगी सत्य सांई बाबा की चरण पादुकाएं

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में दर्शन कराने के बाद अब सत्य साई बाबा की पावन चरण पादुकाएं रविवार को भोपाल से गंजबासौदा पहुंचेंगी. चरण पादुकाओं के आगमन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है और स्वागत की व्यापक तैयारियां की गई हैं. समिति के सौरभ सूर्येश ने जानकारी देते हुए बताया कि चरण पादुकाएं रविवार सुबह लगभग 10 बजे भोपाल से गंजबासौदा पहुंचेंगी. उनके स्वागत के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित होंगे.उन्होंने बताया कि रविवार शाम 5 बजे के बाद नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी.

### गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाए-सोहेल

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा.** ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के जिला अध्यक्ष सोहेल अहमद बबलू ने गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किए जाने की मांग की है. उन्होंने कहा कि गाय भारतीय संस्कृति, कृषि और ग्रामीण जीवन की आधारशिला है.

सोहेल अहमद बबलू ने कहा कि गाय केवल आस्था का प्रतीक नहीं है, बल्कि मानव जाति और देशहित में भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है. गाय से प्राप्त संसाधन कृषि, पर्यावरण और समाज के लिए उपयोगी सिद्ध होते हैं.उन्होंने केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि देश की संस्कृति, परंपरा और मानव कल्याण को ध्यान में रखते हुए गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाना चाहिए.

### हाई कोर्ट में लंबित प्रकरणों की हुई गहन समीक्षा

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** हाई कोर्ट में विदिशा जिले से संबंधित विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की अद्यतन स्थिति का जायजा लेने हेतु कलेक्ट्रेट स्थित बेतवा सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया तथा संयुक्त कलेक्टर एवं शाखा प्रभारी सुश्री निकिता तिवारी ने विभागवार प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. बैठक में अधिकारियों से हाई कोर्ट में लंबित प्रकरणों की वर्तमान स्थिति, प्रस्तुत जवाब, पैरावार जानकारी एवं आगामी सुनवाई की तैयारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई. समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि न्यायालयीन प्रकरणों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए

# विधायक प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट में रोमांचक मुकाबले



**नवभारत न्यूज**
**शमशाबाद,बिछिया ग्राउंड पर आयोजित विधायक प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में छह टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले खेले गए. दर्शकों की भारी उपस्थिति के बीच खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर खेल प्रेमियों का भरपूर मनोरंजन किया.**

टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में नहरयाई और सेऊ की टीमें आमने-सामने रहीं. मुकाबले में सेऊ की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए शानदार जीत दर्ज की.दूसरे मुकाबले में शमशाबाद और कागपुर के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिली. दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया, लेकिन अंत में कागपुर की टीम मुकाबला जीतने में सफल रही.तीसरे मुकाबले में बाढ़ेर इलेवन और शमशाबाद इलेवन के बीच मुकाबला खेला गया. इस मैच में बाढ़ेर इलेवन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत अपने नाम की.इस अवसर पर देवेश मीणा, यशपाल रघुवंशी एवं अतुल यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे. उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उका उत्साहवर्धन किया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार प्रदान किए.टूर्नामेंट के सफल आयोजन से क्षेत्र में खेलों के प्रति युवाओं का उत्साह और अधिक बढ़ा है.

### मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन द्वारा नगर निकायों एवं पंचायतों के लिए फोटोयुक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण वर्ष 2026 शुरू कर दिया है.

# विदिशा में जीतो जॉब फेयर आज

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा.** जैन समाज की अग्रणी अंतरराष्ट्रीय संस्था जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जीतो) द्वारा पहली बार विदिशा में जीतो जॉब फेयर का आयोजन 23 मई को किया जा रहा है. यह आयोजन देशभर के 180 से अधिक शहरों एवं क्षेत्रों में एक साथ आयोजित होगा.


इस संबंध में जानकारी देते हुए जीतो टाउन रिप्रेजेंटेटिव अतुल शाह ने बताया कि रोजगार एवं करियर के अवसरों को समाज और युवाओं तक प्रभावी रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से यह फेयर आयोजित किया जा रहा है.

**जांच** | अनैतिक गतिविधियों की शिकायतों पर 10 होटल-लॉज में चला औचक निरीक्षण अभियान

# सांची के होटलों में पुलिस की सघन पड़ताल

**नवभारत न्यूज**
**सांची,विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक एवं पर्यटन नगरी सांची में होटलों और लॉजों में कथित अनैतिक गतिविधियों की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है. जिला पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देश पर सांची पुलिस ने नगर के विभिन्न होटल एवं लॉजों में सघन औचक निरीक्षण अभियान चलाया.**

बताया जा रहा है कि सांची जैसे शांतिप्रिय और धार्मिक महत्व वाले ऐतिहासिक स्थल पर पर्यटकों की सुविधा के लिए कई छोटे-बड़े होटल संचालित हैं. हालांकि पिछले कुछ समय से कुछ होटलों में कथित अनैतिक गतिविधियों के संचालन की चर्चाएं सामने आ रही थीं. हाल ही में मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो द्वारा भी होटल गतिविधियों को लेकर सवाल उठाए गए थे, जिसके बाद मामला और गंभीर हो गया.




### सीसीटीवी और रजिस्टरों की हुई जांच

एसपी के निर्देश पर थाना प्रभारी जेपी त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस बल एवं महिला आरक्षकों की टीम ने नगर के करीब 10 होटल और लॉजों में औचक निरीक्षण किया.इस दौरान पुलिस ने होटलों के सीसीटीवी कैमरों की जांच की, ठहरने वाले लोगों के पंजी रजिस्टरों का निरीक्षण किया तथा कमरों की बारीकी से तलाशी ली. होटल संचालकों और कर्मचारियों से भी पूछताछ कर आवश्यक जानकारी जुटाई गई.

### होटल संचालकों को दी गई चेतावनी

हालांकि कार्रवाई के दौरान पुलिस को कोई संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि नहीं मिली, आवश्यकता पड़ने पर होटल सील करने की कार्रवाई भी की जा सकती है.होटल संचालकों ने बताया कि उनके यहां ठहरने वाले सभी बाहरी व्यक्तियों की जानकारी विधिवत रजिस्टर में दर्ज की जाती है और प्रतिदिन इसकी सूचना पुलिस को भी उपलब्ध कराई जाती है.

